राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

मिसिल संख्या रा.पि.व.आ./08/12/167-C/2019-केएसपी

हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड के अधिकारीगण के साथ दिनांक 07.07.2021 को हुई सुनवाई का कार्यवृत

बैठक में उपस्थित सदस्य एवं अधिकारीगण -:

1. श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. श्री राजेश कुमार, सलाहकार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
3. श्री रामायण यादव, सलाहकार, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
4. सीए वी. के. गुप्ता, सीएफओ, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड
5. श्री जी. पी. रंजन, चीफ लाईसन ऑफिसर(ओबीसी), हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड

सुनवाई का विस्तृत विवरण:-

1. आयोग द्वारा कहा गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड द्वारा बताया गया है कि अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों का साक्षात्कार अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों से अलग किया जाता हैं, यह जवाब आयोग को शपथ पत्र पर उपलब्ध कराएं।
2. आयोग द्वारा पूछा गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड में आज की दिनांक में कितने अधिकारी एवं कर्मचारी हैं और इसमें अन्य पिछड़े वर्ग से कितने अधिकारी एवं कर्मचारी हैं, इस संबंध में सीएफओ, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड में 140 अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत हैं और उनमें से कितने अधिकारी एवं कर्मचारी पिछड़े वर्ग से है उनकी जानकारी आयोग को उपलब्ध करा दी जाएगी।
3. आयोग द्वारा पूछा गया कि अगर हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड का कोई अधिकारी मिसकंडक्ट करता है तो उस पर कंडक्ट रूल के तहत क्या कार्यवाही की जाएगी इस संबंध में सीएफओ, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें इस संबंध में वर्तमान में कोई जानकारी नहीं है, वह जानकारी एकत्रित कर आयोग को उपलब्ध करवाएंगे।
4. आयोग द्वारा पूछा गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड द्वारा 26 लोगों का लिस्ट में नाम दिया है जिसमें से एक ओबीसी है तो क्या आपके पास इसका प्रमाण है

कि वह ओबीसी है या नहीं है? इस संबंध में सीएफओ द्वारा बताया गया कि इनका चयन अनारक्षित पद में हुआ था। इस संबंध में आयोग ने पूछा कि अगर किसी अधिकारी की नियुक्ति अनारक्षित वर्ग में होती है तो आप उसे ओबीसी में कैसे दिखा सकते हैं, इसका जवाब शपथ पत्र पर उपलब्ध कराने के लिये कहा गया।

5. आयोग द्वारा पूछा गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड का रोस्टर रजिस्टर आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा सत्यापित हुआ है या नहीं हुआ है, यदि हुआ है तो रोस्टर पर मंत्रालय के चीफ लाईसन ऑफिसर के हस्ताक्षर कहां किए गए हैं इस संबंध में लाईसन ऑफिसर, हिंदुस्तान प्रीफैब द्वारा अवगत कराया गया कि रोस्टर रजिस्टर मंत्रालय से सत्यापित हुआ है एवं इस पर लाईसन ऑफिसर द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।
6. आयोग द्वारा पूछा गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड में वर्ष 1993 से वर्ष 2016 के बीच में कितनी भर्ती हुई है, इस संबंध में लाईसन ऑफिसर, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2010 में चीफ एचआर, जनरल मैनेजर व मैनेजर की नियुक्ति की गई है और सभी एकल पद थे। इस संबंध में आयोग द्वारा पूछा गया कि क्या सभी पद एक समान थे और जो नियुक्तियां हुई है उनमें कोई भी आरक्षित वर्ग का उम्मीदवार था, इस संबंध में लाईसन ऑफिसर, हिंदुस्तान प्रीफैब द्वारा अवगत कराया गया कि सभी पद एक समान नहीं थे और इन नियुक्तियों में कोई भी आरक्षित वर्ग से नहीं है।
7. आयोग द्वारा पूछा गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड की वर्षिक रिपोर्ट में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति व दिव्यांग का चैप्टर शामिल है परन्तु अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित कोई भी जानकारी नहीं है। इस संबंध में लाईसन ऑफिसर हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट में पिछड़े वर्ग से संबंधित सारी जानकारी उपलब्ध करवा दी जाएगी और इस संबंध में सीएफओ, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि उन्होंने मंत्रालय के समक्ष पिछड़े वर्ग की जानकारी प्रस्तुत की थी, पर मंत्रालय से कोई आदेश नहीं मिला है। आयोग द्वारा हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड से यह जवाब शपथ पत्र पर उपलब्ध कराने के लिये कहा गया।

आर रंजन

विनोद

8. आयोग द्वारा पूछा गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड में रोस्टर पद के अनुसार बनता है या रिक्ति के अनुसार बनता है इस संबंध में लाईसन ऑफिसर द्वारा बताया गया कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड में पद के अनुसार रोस्टर बनता है। आयोग द्वारा पूछा गया कि रिक्ति के अनुसार अंतिम बार रोस्टर कब बना था इसका जवाब आप शपथ पत्र पर उपलब्ध कराएं। इस संबंध में लाईसन ऑफिसर, हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया है कि हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड में रिक्ति के अनुसार आखिरी रोस्टर वर्ष 1995 में बना था और पद के अनुसार रोस्टर वर्ष 1997 से बनने लगा था।

उपरोक्त सभी अपेक्षित जानकारी आयोग को 07 कार्यदिवस में उपलब्ध करायी जाएं।

ज्ञान रंजन
16.07.2021
(श्री जी. पी. रंजन)
चीफ लाईसन ऑफिसर (ओबीसी),
हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड

विनोद कुमार गुप्ता
16.07.2021
(सीए वी. के. गुप्ता)
सीएफओ,
हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड

(श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल)
माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग